आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

23.08.2024 समय : 1850

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि इसरो ने न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है।

- केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने आर.सी.एस.– उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत सी–प्लेन संचालन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

- सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए परिवहन विभाग की ओर से कई कदम उठाए गए हैं।

- कोरिया में आयोजित यू सी आई लेवल वन ट्रैक एशिया कप के केरिन स्पर्धा में भारत के एसो अलबन ने रजत पदक हासिल किया है।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है। आज नई दिल्ली में देश के प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने यह बात कही। राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रगति से स्वास्थ्य, परिवहन, पर्यावरण, ऊर्जा सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और कई अन्य क्षेत्रो को लाभ पहुंचा है। अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को अतीत की बेड़ियों से मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि करीब सत्तर वर्ष से अंतरिक्ष क्षेत्र ने स्वयं पर थोपी हुई गोपनीयता का लबादा ओढ़ रखा था, जिससे वह संसाधनो और ज्ञान से यह पहले वंचित था। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस इस वर्ष देश भर में मनाया जा रहा है। इसमें सभी विभाग, मंत्रालय, शिक्षण संस्थान, विज्ञान संगठन, स्वैच्छिक संगठन और आम नागरिक भाग ले रहे हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

उधर, जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की भौतिकी विभाग की ओर से आज कार्यकम आयोजित किया गया। इस अवसर पर इसरो क्षेत्रीय केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. देबदास पाईक मुख्य अतिथि थे। उन्होंने वैज्ञानिक शोध के महत्व पर प्रकायश डालते हुए आर्थिक विकास और मानव कल्याण में इनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यकम को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा, भूगोल विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रोफेसर पर्ल देवदास, भौतिकी विभागाध्यक्ष और एसोसिएट प्रोफेसर के. सोनामुत्थू ने भी संबोधित किया।

<><><><><><>

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने आर.सी.एस.– उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत सी–प्लेन संचालन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों में सी–प्लेन संचालन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता दर्शायी गई है और इनमें इससे जुड़े सभी तरह के हितधारकों के दायित्वों को रेखांकित किया गया है। श्री नायडू ने कहा कि दिशा निर्देशों का उद्देश्य देश के दूरदराज के क्षेत्रों के बीच सम्पर्क बढ़ाना तथा सभी के लिए यात्रा को और अधिक सुलभ बनाना है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।. यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><>

सरकार ने एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित एक सौ छप्पन दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि एक समीक्षा के बाद पाया गया कि इनसे स्वास्थ्य को खतरा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि इन एक सौ छप्पन दवाओं में निश्चित मात्रा में खुराक संयोजन तर्कहीन है। मंत्रालय ने कहा कि इन दवाओं के इस्तेमाल से लोगों को खतरा होने की संभावना है, जबकि इनके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार और ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड – डीटीएबी की एक विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई जांच के बाद यह निर्णय लिया गया है।

<><><><><><>

सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए परिवहन विभाग की ओर से कई कदम उठाए गए हैं। विम्बर्लीगंज पंचायत के सामुदायिक भवन में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिवहन सचिव विश्वेन्द्र ने सड़क का इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने को कहा, ताकि सड़के सभी के लिए सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिदिन औसतन सड़क दुर्घटनाओं में चार सौ लोगों की जान जाती है, जो एक चिंता का विषय है और इसे कम करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए उच्चतम न्यायालय ने देश में दैनिक आधार पर सड़क सुरक्षा परिदृश्य को देखने के लिए एक समिति का गठन किया है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ लोगों के घरों तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन की ओर से कदम उठाए गए हैं। इस जागरूकता कार्यक्रम के जरिए लोगों को उनके क्षेत्र में ही परिवहन विभाग से जुड़ी सेवाओं का लाभ दिया जा सके। परिवहन निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहल ने सभी से अनुरोध किया कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सुरक्षित वाहन चलाए, ताकि राहगीरों और अन्य लोगों को कोई समस्या न हो। इस अवसर पर विम्बर्लीगंज से ज़िला परिषद सदस्य और परिवहन विभाग के उप–निदेशक ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के अनिम्स कॉलेज में अकादमिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस में प्रवेश के लिए सत्ताईस और अट्ठाईस अगस्त को परामर्श रखा गया है। योग्य उम्मीदवारों की अंतिम योग्यता सूची कॉलेज के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। पहले चरण में कुल सत्तानब्बे सीटों के लिए राज्य कोटा सहित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए परामर्श रखा गया है। उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ दिए गए समय सारणी के अनुसार अनिम्स के लेक्चर हॉल–दो में उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षा शिक्षक, लाइब्रेरियन ग्रेड–दो, क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर और जी टी टी फाइन आर्ट्स के खाली पड़े पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। विभाग की भर्ती प्रकोष्ठ की ओर से प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद पात्र उम्मीदवारों को मिले अस्थाई अंक सूची के साथ अयोग्य उम्मीदवारों की सूची शिक्षा विभाग के आधिकारिक वेबसाइट पर दावे और आपत्तियां आमंत्रित करने के लिए अपलोड कर दी गई है। आज से लेकर तीस अगस्त की मध्यरात्रि तक दावे और आपत्तियां जमा की जा सकती है।

उधर, अंडमान निकोबार राज्य खेल परिषद में अनुबंध के आधार पर कोचेस की भर्ती के लिए योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की अस्थाई सूची जारी कर दी गई है। दावे और आपत्तियां सात दिनों के भीतर जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा और पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने जंगलीघाट निवासी मदन मोहन सिंह के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है। इनका कल देर रात निधन हो गया।

<><><><><><>

अंडमान क्रिस्चियन यूनाईटेड फ्रंट की ओर से कल द्वीपों के विभिन्न स्कूलों से दसवीं कक्षा के सर्वश्रेष्ठ दस बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि होंगे, जबकि सांसद बिष्णु पद रे सम्माननीय अतिथि होंगे। कार्यक्रम कल शाम पांच बजे फीनिक्स बे स्थित टी एस जी एम्राल्ड में आयोजित होगा।

<><><><><><>

कोरिया में आयोजित यू सी आई लेवल वन ट्रैक एशिया कप के केरिन स्पर्धा में भारत के एसो अलबन ने रजत पदक हासिल किया है। एसो अलबन कार निकोबार के निवासी है। भारतीय साइक्लिंग फेडरेशन ने ट्वीट कर उन्हें बधाई दी है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप–शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से अंतर स्कूल चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जंगलीघाट स्कूल में आयोजित चैम्पियनशिप में विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय लम्बा लाईन के दिनेश कुमार को विजेता और मॉडल स्कूल के यशवंत को उप विजेता घोषित किया गया है।

<><><><><><>